कि हम राम का नाम जपते हैं, दिन भर, महादेव का नाम जपते हैं दिन भर, कृष्ण का नाम जपते हैं दिन भर और ठीक उनके बताए गए आदर्शों के उलटा चलते हैं। असल में कहा जाय तो गांधी टोपी पहन कर और गांधी जी का नाम ले कर आप गांधी जी के नाम को, उनके सिद्धांतों को और उन के जीवन दर्शन को आचरण में नहीं ला रहे हैं और आचरण में नहीं लाने से क्या हो रहा है कि गांधी टोपी से और गांधी दर्शन से आज नौजवानों को घृणा है, वह कहते हैं कि गांधी दर्शन कोई वैज्ञानिक सत्य नहीं है। उसमें कोई ऐसा सत्य नहीं है जो विज्ञान सम्मत हो। . . . (व्यवधान) . . . गांधी जी के दर्शन को जीवन में उतारने का प्रयास आपसे भी नहीं होता होगा और किसी से नहीं होता है। . . . (व्यवधान) वही मैं अर्ज करने वाला हूं। आज गांधी पीस फाउंडेशन एक कलंक है देश के सामने गांधी जी के जीवन को, उन की तस्वीर को एक समग्र रूप में रखना चाहिए। इतिहास में उन की क्या भूमिका रही है यह बात आनी चाहिए।

उन्होंने आत्मकथा को कोट किया है। आत्मकथा में उन्होंने कबूल किया है कि मैं ने मांस खाया है, आत्मकथा में उन्होंने कबूल किया है कि मैं ने सिग्रेट पिया है, और भी बहुत कुछ कबूल किया है। लेकिन यह प्रयास किया जाय कि आत्मकथा में जो ऐसी बातें कही गई हैं उन्हीं को उभाड़ कर रखा जाए और समग्र रूप उस को न दिया जाए, इस बात का मैं भी विरोध करता हूं, मैं आप के साथ हूं इस बात में। लेकिन फिर हृदय टटोलिए आप कि गांधी जी का दर्शन क्या है और आप का व्यवहार क्या है ?

एक किताब निकली है आचार्य रजनीश के द्वारा, आप जानते होंगे, उसमें क्या लिखा है? उस में लिखा है कि बुद्ध से और गांधी से मैं बड़ा हूं।। उस को नौजवान पढ़ते हैं, क्यों नहीं उस को बन्द करते हैं ?

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि उपाय क्या है ? उपाय यह है कि आप के जीवन में, समाज के जीवन में अगर गांधी जी का दर्शन सही हो, हालांकि हम लोगों को उस पर मतभेद है, हम नहीं मानते हैं उसको, फिर भी उस को जीवन में तो उतारिए। वह नहीं कर रहे हैं। उस को जीवन में उतारने का प्रयास तो कीजिए, वह नहीं कर रहे हैं। तो फिर गांधी जी का नाम रटने से, उन की माला जपने से कुछ नहीं हो सकता है। आप अगर गांधी जी की माला जपते हैं और सही माने में गांधी जी के जीवन दर्शन को आचरण में नहीं उतारते हैं तो कुछ भी होने वाला नहीं है। इसलिए जरूरी है कि सब से पहले रूलिंग पार्टी की ओर से गांधी जी के दर्शन और उन की इमेज को बिगाड़ने के काम को कम किया जाय। यदि अत्याचार रहेगा, हिन्दू, मुस्लिम रायट होता रहता, हरिजनों पर अत्याचार होता रहेगा और फिर भी कहा जायगा कि हम गांधी जी को मानते हैं तो यह गांधी जी की इमेज को और बुरा करता है। इसलिए प्रस्ताव में जो कानिजेबल आफेंस की बात है उस को मैं नहीं मानता हूं। उनकी मंशा को मैं सही समझता हूं कि ऐसी बातें नहीं होनी चाहिए।

श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत (अलमोड़ा) : सभापति महोदय, तैयब जी ने जो संकल्प इस सदन के समक्ष-प्रस्तुत किया है उसका मैं समर्थन करता हूं। इस संकल्प का जो उद्देश्य है उसको हमारे विरोधी मित्रों ने गलत रूप में समझने की कोशिश की है। एक पवित्र उद्देश्य को लेकर, कुछ गलतियों की तरफ इस संकल्प के द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया है ताकि उन भूलों को दुरुस्त किया जा सके और सरकार तत्परता के साथ इस सम्बन्ध में कदम उठा सके। इसी उद्देश्य से हमारे मित्र तैयब जी इस संकल्प को यहां पर लाए हैं लेकिन हमारे विरोधी दोस्तों ने कुछ ऐसी मंशा जाहिर की है मानो इसके पीछे कोई राज-नीतिक उद्देश्य छिपा हो। जय प्रकाश जी का नाम इस सन्दर्भ में आया है। हम जय प्रकाश जी की विचारधारा से सहमत नहीं हो सकते लेकिन आज वे स्वर्गवासी हैं, जो उनमें अच्छाइयां थीं, जो त्याग-तपस्या उन के साथ जुड़ी हुई थी उसको सम्मान देने के लिए सरकार ने एक प्रतिष्ठान की स्थापना की, जिसकी चेयरमैन स्वयं प्रधान मंत्री जी

[श्री हरी चन्द्र सिंह रावत]

है । यह इस बात का द्योतक है कि भले ही उनकी राजनीतिक विचारधारा को हमारे पार्टी और सरकार न मानती हो लेकिन उन में जो अच्छाइयां थीं, उनकी जो त्याग-तपस्या थी उसको सरकार सही सन्दर्भ में देखना चाहती है । लेकिन दूसरी तरफ बार बार उनका नाम लेने वालों ने हमेशा उन के नाम को कलुषित करने की कोशिश की है और उनके सपनों को चकनाचूर किया है। इसी प्रकार से गांधी जी के नाम के साथ जो लोग ज्यादती कर रहे है उसको रोकने के लिए हमारे साथी तैयब हुसेन जी ने यह संकल्प यहां प्रस्तुत किया है जिसका मैं परा समर्थन करता हूं ।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) मान्यवर, यह प्रस्ताव बहुत अच्छा है, मैं इसका समर्थन करता हूं लेकिन जो इस प्रस्ताव की मूल भावना है उससे क्या शासक दल के लोग अपने को सचमुच में सम्बद्ध रख पाए हैं--इसमें मुझे सन्देह है । गांधी जी से शासक दल के लोगों का क्या सम्बन्ध है--यह मैं इन शब्दों में व्यक्त करना चाहता हूं कि केवल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए गांधी जी के नाम का प्रयोग किया जाता है । एक प्रकार से गांधी जी का नाम शासक दल के लिए राजनीतिक भोजन बन गया है । इस प्रकार की शासक दल की जो वर्तमान स्थिति है उसकी मैं कड़े शब्दों में निन्दा करता हूं । यह स्थिति क्यों है, इस सम्बन्ध में भी मैं कुछ कहना चाहता हूं । जब आपातकाल की घोषणा की गई थी तब महात्मा गांधी के नाम से सम्बध जितने भी संगठन हैं, सभी ने उसका विरोध किया था क्योंकि वह एक अन्यायपूर्ण व्यवस्था थी । उसके बाद लगातार इस बात की कोशिश की गई कि उन संस्थानों को अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाया जाय । उन की जो मांगें थीं उन को पूरा न करना, उनके ऊपर कीचड़ उछालना, इस तरह की तमाम बातें उस समय चल रही थीं । आज भी मौजूदा सरकार की कोई भी सहानुभूति उन संगठनों के साथ नहीं रह गई है ।

मान्यवर, एक फिल्म बन रही है, उस में भी पता चला है कि गांधी जी के जीवन से सम्बन्धित कुछ ऐसी बातें रखने की कोशिश हो रही है जिस से गांधी जी के जीवन पर कीचड़ उछाला जा सके । अगर इस तरह की कोई भी हरकत होती है तो उस की जिम्मेदारी पूरे तरीके से मौजूदा शासन के ऊपर होगी । इस लिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे उस को देखें और उस फिल्म के अन्दर अगर कोई भी ऐसी बात हो जिस से गांधी जी का जीवन कलुषित और कलंकित होता है । तो उस को रोकें क्योंकि उस से हमारे राष्ट्र का जीवन कलुषित और कलंकित होता है। जब तक कमजोर वर्गों पर अत्याचार होते रहेंगे, जब तक एक-एक सूबे में साठ-साठ आदिवासी मारे जाते रहेंगे, जब तक बीस-बीस हरिजन गोलियों से उड़ाये जाते रहेंगे तब तक गांधी जी का नाम लेने का अधिकार इन लोगों को नहीं है । लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं . . . (व्यवधान) क्योंकि आप का शासन है, आप को ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह की हरकतें न होने पायें । गांधी जी की प्रतिमायें जब तोड़ी जाती है, तो उस के लिए यह शासन जिम्मेदार है । क्यों ऐसी बातें होती हैं? इस लिए मैं चाहूंगा कि इस बात के लिए निन्दा की जाए । इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

श्री राम सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, जो मौजूदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, मैं व्यक्तिगत रूप से एक बात कहना चाहता हूं । महात्मा गांधी जी सन 1947 के दौरान में चौधरी तैयब हुसैन के गांव में आये थे और मुझे यह भी मालूम है, चूंकि मेरा चुनाव क्षेत्र चौधरी तैयब हुसैन के क्षेत्र के बिलकुल समीप रहा है, कि इन के क्षेत्र में ज्यादातार उसी कौम के लोग रहते हैं जिस कौम से चौधरी तैयब हुसैन ताल्लुक रखते हैं । चौधरी तैयब हुसैन "मेव" मुसलमान जाति के हैं । हिन्दुस्तान के बटवारे के वक्त एक बहुत बड़ा सवाल पैदा हुआ था--मेव जाति के लोग उस वक्त के पंजाब और राजस्थान के बीच में रहते थे, उन्होंने उस वक्त यह फैसला किया था कि हम लोग पाकिस्तान जा कर आबाद होंगे । लेकिन वहां पर महात्मा गांधी जी ने आकर सत्याग्रह किया--यह उस क्षेत्र का जिक्र है

जो बलवर और गुड़गांवां के बीच का क्षेत्र है —इन के पिता चौधरी यासीन खां ने महात्मा गांधी के साथ इस बात का वायदा किया कि जितने भी मेव भाई हैं वे सब हिन्दुस्तान के अन्दर रहेंगे और हिन्दुस्तान के ही नागरिक रहेंगे तथा हिन्दुस्तान के अन्दर उन को भी वही अधिकार मिलेंगे जिन की कि वे पाकिस्तान के अन्दर उम्मीद करते हैं। यही कारण है कि महात्मा गांधी और चौधरी तैयब हुसैन के पिता चौधरी यासीन खां के यत्नों से वे मेव लोग वहीं पर आबाद रहे और इस वक्त भी बहुत खुशी के साथ, हिन्दुओं के साथ मिल कर रहते हैं ।

जहां तक महात्मा गांधी के दर्शन, उनकी संस्कृति और उन की फिलास्फी का सम्बन्ध है, इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, यदि आज के इस युग को गांधी-युग कहा जाए । गांधी जी एक साधारण मानव ही नहीं, बल्कि एक महान युगपुरुष थे और उन्होंने इस राष्ट्र के अन्दर अंग्रेजों के जमाने में जो हमारे अन्दर सांस्कृतिक कमजोरी, नैतिक कमजोरी और दूसरी कमजोरियां जो आ गई थीं, उन सब दुर्बलताओं को दूर कर के समाज में एक शक्ति पैदा की, एक फिलास्फी समाज को दी । आप यह भी जानते हैं कि कोई कितना भी बड़ा समाज क्यों न हो, उस समाज के अन्दर यदि शक्ति कहीं से प्राप्त हो सकती है । तो फिलास्फी से हो सकती है । जिस समाज के अंदर जिस राष्ट्र के अन्दर और जिस काम के अन्दर कोई फिलास्फी नहीं है, तो वह राष्ट्र कभी भी तरक्की नहीं कर सकता हो । यही कारण है कि वही राष्ट्र अंग्रेजों के टाइम में महात्मा गांधी से पहले भी हिन्दुस्तान था, लेकिन उन्होंने एक फिलास्फी दी और एक दर्शन दिया और उसी दर्शन के कारण उन्होंने एक नई जिन्दगी इस कौम को दी ।

मैं कहना चाहता हूं कि जो फिलास्फी और दर्शन हमको महात्मा गांधी जी ने दिया है, उस फिलास्फी को हमको कायम रखना है और यदि वह फिलास्फी कायम रहेगी तो किसी भी बड़ी से बड़ी ताकत का हम मुकाबला कर सकते हैं, चाहे वह बौद्धिक ताकत हो, चाहे वह आर्म्स की ताकत हो और किसी भी तरह की ताकत हो यदि वह फिलास्फी और दर्शन हमारे पास से लुप्त हो जाएगा, तो हम उस ताकत को भी खो देंगे। इसलिए जरूरी है, जो गांधी वांगमय है, गांधी संस्कृति है, गांधी अभिव्यक्ति है, गांधी दर्शन है और गांधी सिद्धान्त है, उस सिद्धान्त को हम अक्षुण रखेंगे । मैंने इसलीए एक संशोधन पेश किया है कि गांधी जी का दर्शन, गांधी विचारधारा और गांधी के सिद्धान्तों को क्षण रखने के लिए हमें इस तरह का प्रावधान करना चाहिए कि इस राष्ट्र के अन्दर इस प्रकार की किसी की हिम्मत, न हो सके ।

मैं आपको खास तौर से अमृतसर के बारे में, जो कि 17 मई, 1980 को पेट्रियट में खबर छपी है, कहना चाहता हूं :

> "A bronze statue of Mahatma Gandhi installed in the Rambagh garden here, was found disfigured by some miscreants this morning.
>
> The stick (danda) depicted to be held by Mahatma Gandhi in his hand had been broken. Dung and mud had been plastered on other parts of the statue of the Father of the Nation."

इस तरह की जो साम्प्रदायिक बात है या जो किसी भी नाम पर राष्ट्रपिता को कलंकित करना चाहते हैं, उन की मूर्ति का खण्डित करना चाहते हैं--इस राष्ट्र को ऐसी चीजों को किसी भी कीमत पर बरदाश्त नहीं करना चाहिए । इसलिए मैं माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि वे इस के सम्बन्ध में कोई उचित कदम उठायें, कोई ऐसा कानून इस सदन के सामने लायें जिस से महात्मा गांधी जी के साहित्य, उन के वाणमय, उन के विचारों को अक्षुण रखा जा सके ।

इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं

श्री गिरधारी लाल डोगरा (जम्मू): चेयरमैन साहब, मैं इस रेज्युलूशन और जो तरमीम मैंने पेश की है, दोनों के हक में बोलना चाहता हूं । जिन लोगों ने गांधी की हत्या की, उन को शहीद किया, उनकी फिलास्फी का भी वे ही लोग आज फायदा

[श्री गिरधारी लाल डोगरा]

उठाना चाहते हैं । उन की फिलास्फी को आगे बढ़ाने के लिए उस वक्त जो संस्थायें बनाई गई थीं उन संस्थाओं में उन लोगों ने अपनी पोजीशन मजबूत कर ली है और आज गांधी जी के नाम पर वे गलत फायदा उठा रहे हैं । उन के जीवन-चरित्र को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है । इस बारे में गाडगिल साहब ने बहुत सी बातें डिटेल में आप के सामने रखी हैं और यह बतलाया है कि गवर्नमेन्ट के लिए लाजमी हो जाता है कि पार्लियामेंट के एक्ट के जरिये एक लाइब्रेरी बनाई जाए, उन के लिए मेमोरियल बनाया जाय । उस वक्त तमाम लोगों ने मिल कर गांधी स्मारक निधि को बनाया था, उस को जमीन दी गई थी, उस के जरिये गांधी पीस फाउण्डेशन बनाया क्या, वहां पर बड़े बड़े एअर कण्डिशन्ड हाल बनाये गये, उस के बाद क्या हो रहा है--विदेशों से रुपया जमा किया जा रहा है, यह सब कुछ हो रहा है लेकिन वह पैसा कैसे खर्च होता है उस का हिसाब किसी को पता न हो और अगर पता लगाने की कोशिश की जाय तो उस की मुखालिफत हो --यह बात समझ में नहीं आती है ।

मेरे एक दोस्त अमरीका गये थे--उन को वहां पर बतलाया गया कि इस तरह का प्रचार वहां पर हुआ कि हिन्दुस्तान के गांव-गांव में लोग भूखे मर रहे हैं । स्कूली बच्चों से चन्दा इकट्ठा किया गया और वह पैसा इन्हीं संस्थाओं के पास भेजा गया । यहां आ कर उस पैसे का क्या इस्तेमाल हुआ किसी को पता नहीं है यह क्या बेबसी है? सरकार को इस बारे में पूरी तहकीकात करनी चाहिए कि जो गांधी जी के नाम की टारनिश करते हैं, उन के नाम पर पैसा जमा करते हैं वह पैसा कहां जाता है, कैसे उस का इस्तेमाल होता है और जो लोग इस के लिए मुजरिम पाए जांय उन को सजा दी जाय ।

न सिर्फ महात्मा गांधी, बल्कि हिन्दुस्तान के रहने वाले किसी भी व्यक्ति की इमेज को खराब नहीं करना चाहिए--मैं इस बात को मानता हूं । लेकिन फादर-आफ-दि-नेशन को तो हमें सैक्रेटली ट्रीट करना होगा । मेरी समझ में नहीं आता है कि हमारे अपोजीशन के साथी इस की मुखालिफत क्यों कर रहे हैं--इस में ऐसी कोई बात नहीं है ।

इन अलफाज के साथ मैं इस रेजोल्यूशन की ताईद करता हूं और दरख्वास्त करता हूं कि मैंने जो तरमीम पेश की है उस के साथ इस को मन्जूर किया जाय ।

SHRI RATANSINH RAJDA (Bombay South) : Not only the people of this country but the people of the entire world are indebted to Mahatma Gandhi, the Father of the Nation. It was Einstein who had told about Gandhi that:—

> "Generations to come will scarce believe that such a one as this in flesh and blood to walked on this earth."

Fortunately, today is the birthday of Rabindra Nath Tagore, another great soul. Gurudev said about Mahatma Gandhi :—

> "Here is at last the living truth."

In these words, he gave the greatest tribute to Mahatma Gandhi.

It was the Father of the Nation who taught us to stand erect against the British Empire, who created a sense of self-respect amongst us. He gave us the battle field, the battle cry and battle dress and made us march in the freedom struggle under his leadership. Whenever something is said about Mahatma Gandhi in this country, the innermost recesses of our hearts are touched. We would like to see that the dignity and honour of Mahatma Gandhi, the Father of the Nation, must be honoured and protected at all costs. From that viewpoint, this Resolution is commendable and I would commend the Resolution.

But when I heard the speeches here, I was doubtful whether that is the only objective behind moving this Resolution. Some people attacked the Gandhian institutions. If there is something wrong some Gandhian institutions, as Shri Gadgil stated, naturally, an enquiry should be held. If in some Gandhi institutions some wrong things are committed, we should see to it that they are discouraged, they are stopped forthwith. As far as that is concerned, I am with you. But, at the sametime, I would like to caution you, and caution my friends on this side, that if we are trying to introduce politics in

these Gandhian institutions because those institutions during the days of emergency fought.....

(*Interruptions*) आप मेहरबानी कर के मत बोलिए, आप चुप बैठिए।

There are certain elements in this country which did not like what these institutions did during the emergency, because those institutions fought for the ideals of Mahatma Gandhi, and Mahatma Gandhi had taught us निर्भय बनो, (Be fearless) you have banned even the slogans and speeches of Mahatma Gandhi. And now you are preaching about these. Kindly, do not preach for Mahatma Gandhi. Do not try to become a Messiah, preaching the teachings of Mahatma Gandhi. Remember, the speeches of Mahatma Gandhi were not allowed on the radio during the emergency. Why don't you put your hands on your heart and decide what you have done ?

So, let us be humble enough when we talk of Mahatma Gandhi. If there are some wrongs committed by some institutions, let us try to remove them.

आचार्य भगवान देव : आप बिल्कुल गलत-बयानी कर रहे हैं।

श्री रतनसिंह राजदा : आपके कहने से गलत-बयानी नहीं होगी। आपने क्या किया है वह हमको मालूम है।

Sir, you will have to put this man in order. He cannot interrupt me like this. This is not the way to function in this House.

Shri Stephen tried to bring in politics and from that viewpoint some speeches were made. A reference was made to some magazines also. If there are some institutions in the name of Mahatma Gandhi, where some wrong things or irregularities are committed, I say that they should be dealt with according to law, enquiries should be carried on according to law but, at the same time, our motive should not be political. While criticising these institutions, we should see that we purify them; our aim should be to purify them, not to introduce our own politics, I would like to caution our friends here on this aspect.

I am saying this because, while speaking on this Resolution, there was an attempt to malign these institutions, which are adding wonderful work, very highly constructive work, in Adivasi areas, in harijan areas and other areas. They are doing very good work, productive work in the field of khadi and village industries. While these Gandhian institutions are doing very good work, sometimes it may happen somewhere some vested interests may creep in and try to tarnish the name and image of Mahatma Gandhi. As far as that is concerned, we should not allow that to happen.

I would appeal to my hon. friends here that when we talk about Mahatma Gandhi, we must all talk unanimously. If anybody wants or tries to tarnish the image of Mahatma Gandhi or wants to desecrate his statues etc. in this country, we must fight it tooth and nail, not only by law but also by creating public opinion among the masses so that nobody would dare to break or desecrate his status or malign his name.

From that point of view, I would like to commend this Resolution. But I would definitely say that mere law would not do. We shall have to organise the people, the conscience of the people so that they may stand for the principles of Mahatma Gandhi. If we do that, I think that will serve the purpose.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : सभापति महोदय, यहां पर जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, उसका मैं समर्थन करता हूं।

इस संबंध में मेरा निवेदन है कि गांधी समृति भवन पर जो लिटरेचर बिकता है, उसके संबंध में तैयब साहब ने जो जिक्र किया है, इस प्रकार का लिटरेचर अगर बिकता है तो निश्चित रूप से इसको जब्त कराया जाए, इनके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

दूसरा मेरा निवेदन है कि गांधी पीस फाउंडेशन ऐसी संस्था है, जिसके बारे में अभी एक कम्युनिस्ट सदस्य ने कहा कि यह संस्था सी० आई० ए० की एजेंसी के रूप में काम करती है और फोर्ड फाउंडेशन जो कि अमेरिका में है, उससे धन प्राप्त करके इस देश को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। इसके संबंध में निश्चिता तारीके से जांच की जानी चाहिए कि इसकी क्या एक्टीविटीज है और यह किस तरीके से काम करती है। अगर इसकी एक्टीविटीज एंटी नेशनल है। तब निश्चिता तौर पर इसके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

जनता पार्टी के समय एक काम हुआ कि जनता पार्टी ने सब को भय-मुक्त कर दिया, निर्भय कर दिया। गुण्डे,

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

बदमाश, स्मगलर्स, हर्डर्स, ब्लैक-मार्केटियर्स सब को निर्भय कर दिया और इस प्रकार के लोगों द्वारा इन संस्थाओं में प्रवेश करके इन संस्थाओं को ज्यादा से ज्यादा बदनाम करने की कार्यवाही की गई । इस तरह के जो लोग इन संस्थाओं में प्रवेश कर गए हैं, इनके खिलाफ अवश्य कार्यवाही की जानी चाहिए और ऐसे लोग जो एंटी नेशनल एक्टीविटीज में भाग लेते हैं और देश को बदनाम करने की कार्यवाही करते हैं, ऐसे लोगों की इन संस्थाओं से निकाला जाना चाहिए और इनके स्थान पर ऐसे लोगों को लाया जाना चाहिए जो गांधी जी के नाम को उज्जवल करें ऐसे लोगों को लाना चाहिए जो मजदूरों, किसानों, गरीब आदमियों, पीड़ितों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गरीब तबके के लोगों की सेवा करें ।

आज ये संस्थाएं पालिटिक्स प्ले करती हैं, पालिटिक्स का अड्डा बन गई हैं। 1977-78 के चुनाव में हमने देखा है। कांग्रेस विरोधी लोगों द्वारा धन दिया गया और सर्वोदय के नाम पर प्रचार किया गया। इनका कहना था कि हम तो वोटर्स को एजूकेट करने का काम करते हैं, लेकिन उनकी एजूकेशन कांग्रेस के खिलाफ रही और राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इन संस्थाओं का उपयोग होने लगा । इसलिए मेरा निवेदन है कि इन संस्थाओं की जांच होनी चाहिए और दोषी लोगों को इसमें से निकाला जाना चाहिए ।

आज चाहे गांधी स्मारक निधि हो, चाहे गांधी पीस फाउंडेशन हो, चाहे गांधी स्मृति भवन हो या इसी प्रकार की अन्य संस्थाएं हों, ये सारी की सारी संस्थाएं और संगठन आज इसी काम में लगे हैं, इसलिए जब तक इनके खिलाफ पूरे तरीके से कार्यवाही नहीं करेंगे, तब तक संस्थाओं के लोग पालिटिकल एक्टीविटीज में हिस्सा लेते रहेंगे और जिन उद्देश्यों के लिए इन संस्थाओं का निर्माण किया गया है, उन उद्देश्यों को पूरा नहीं किया जा सकता।

अभी राजदा साहब कह रहे थे कि ये पालिटिकल बेंडेटा से कार्यवाही करना चाहते हैं, यह कार्यवाही नहीं करनी चाहिए। मैं तो कहता हूं कि हम इन संस्थाओं से पीड़ित हैं । ये ऐसी संस्थाएं हैं जो बराबर राज्य से पैसा लेती हैं और राज्य के खिलाफ ही काम करती हैं। इस प्रकार की संस्थाएं अगर वोटर्स को एजूकेट करके सही रास्ते पर लाने का काम करती हैं, गरीब लोगों को उपर उठाने काम करती हैं, ऐसे काम करती हैं जिससे देश ऊंचा उठता है, इनके द्वारा स्थापित स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में लोगों को रोजगार-धंधा मिलता है तो निश्चित रूप से इनके कार्य स्वागत योग्य हैं। लेकिन ये उल्टे काम करते हैं। लाखों करोड़ों रुपया इनको मिलता है। उसका नाजायज फायदा उठा कर अपने आपको ये शक्तिशाली और मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। श्री तैयब हुसैन ने जो प्रस्ताव रखा है और श्री गाडगिल ने जो एमेंडमेंट दिया है, उनका समर्थन करता हूं और निवेदन करना चाहता हूं कि एक कमिशन मुकर्रर करवा कर जितने भी सर्वोदय संस्थान हैं, गांधी स्मारक निधि है, गांधी पीस फाउंडेशन आदि हैं उन सब की जांच कराई जाए और उनकी जो आपत्तिजनक गतिविधियां हैं उन पर पाबन्दी लगाई जाए।

MR. CHAIRMAN : Many Members want to speak on this Resolution. I have tried to accommodate them with in the time limit but many Members are still left. They want to participate in this Resolution. Do you want that the time be extended.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes.

MR. CHAIRMAN: Should it be by one hour.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति जी मेरी बात सुनिये । यही करना है तो अपोजीशन को कह दीजिये कि चले जाएं मुझे अपने प्रस्ताव को इंट्रोड्यूस करने का मौका तो दे दें । लास्ट टाइम भी ऐसा हुआ था ।

MR. CHAIRMAN : There is no provision here.

SHRI SAIFUDDIN CHOUDHURY : (Katwa): Late Shri Ramavatar Shastri move the Resolution.

MR. CHAIRMAN : Now the session is going to be adjourned.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : There is no provision like that.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : What to do? You can see the difference. Now the House is adjourning. Shri Sunder Singh.

श्री रामादतार शास्त्री : मेरी बात तो सुनिए । चेयर से पिछली बार वाजपेयी जी को कहा गया था आपका नहीं होगा तो अगली बार ले लेंगे । इतना तो आप भी करिये । उनका रेजोल्यूशन स्टेट्स के वाइफरकेशन के बारे में था । डिप्टी स्पीकर ने यह कहा था । मेरे रेजोल्यूशन को आप किल तो न करें । आप हमारा कोओप्रेशन चाहते हैं लेकिन ऐसे तो वह नहीं मिल सकता है ।

सभापति महोदय : कोई प्रोविजन नहीं है ।

श्री रामावतार शास्त्री : उनके वास्ते कैसे प्राविजन हो गया था ? आपके यहां से उस कुर्सी से उनको एलाउ किया गया था । बारह साल से मैं यहां हूं और पहली बार मेरा रेजोल्यूशन आ रहा है और उसको भी निल किया जा रहा है । एक बार चेयर से ऐसा फैसला दिया जा सकता है तो मेरे केस में भी ऐसा आप कर सकते हैं । मुझे आप मौका दे सकते हैं और मैं नेक्स्ट टाइम इस पर बोल सकता हूं ।

सभापति महोदय : श्री सुन्दर सिंह, आप बोलिये ।

श्री रामावतार शास्त्री : मुझे मूव कर लेने दीजिए और नैक्स्ट सैशन में यह चला जाएगा । मुझे कोई एतराज नहीं है । मूव कर लेने दीजिए ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (फिल्लौर) : सभापति महोदय, महात्मा गांधी फ़ादर आफ़ दी नेशन थे । उनके बरखिलाफ़ अगर कोई बात करता है तो इसका साफ़ मतलब यह है कि वह नेशनल नहीं है । इस रिजोल्यूशन पर बोलते हुए जिन ख्यालात का इजहार किया गया उनको सुन कर जो हरिजन हैं उनको बहुत तकलीफ़ हुई होगी । मैं इस रिजोल्यूशन के लाने पर माननीय सदस्य को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने हमको मौका दिया इस अहम मसले पर बहस करने का । मैं समझता हूं कि जो भी पार्टी महात्मा गांधी की नीति के बरखिलाफ़ बात करे उस पार्टी में नेशनेलिटी नाम की चीज नहीं है । अगर मोहम्मद साहब, ईसामसीह के खिलाफ़ कोई गलत बात करे तो तूफ़ान खड़ा हो जाता है । लेकिन जब कि गांधी जी के खिलाफ़ बात हो रही है तो किसी को गुस्सा नहीं आ रहा है । गांधी जी हमारी आंखों के सितारे थे, उनकी एक शख्सियत थी, उन्होंने गरीबों की मदद की और तमाम दुनिया को इकट्ठा कर के हिन्दुस्तान को आजाद कराया । अब उनके बरखिलाफ़ आवाज उठायी है । जो उनकी बेइज्जती करते हैं मेरी तो मांग है कि ऐसे लोगों और पार्टी के खिलाफ़ कार्यवाही करनी चाहिये । लेकिन जब ऐसी कार्यवाही करने में आप हमारा साथ नहीं दे रहे हैं तो हम कैसे मानें कि आप नशनल हैं, आपमें नैशनैलिटी है । ऐसी जो भी संस्थायें हों, जो महात्मा गांधी के पवित्र नाम का मिसयूज करती हैं उनके खिलाफ कार्यवाही में हर माननीय सदस्य को साथ देना चाहिये । मैं समझता हूं आप में नेशनैलिटी नहीं है । महात्मा गांधी ने क्या कहा था :

"I do not want to be born. But if I have to be born again I should be born as an untouchable so that I may share their sorrows and sufferings inflicted upon them. I therefore, pray that if I have to do so, I should not do it as a Brahmin or Kshatriya or Vaish or Shudra but as an anti-Shudra."

SHRI SUDHIR GIRI : On a point of Order Sir. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Under what rule?

SHRI SUDHIR GIRI : You please listen to me(*Interruptions*) The Business Advisory Committee had fixd 2 hours for this Resolution. Have you extended the time with the permission of the House ? You hav not taken the permission of the House.

MR. CHAIRMAN : I have taken the sense of the House. You see the records (*Interruptions*) I put it to the House and took the consensus of the House.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): Mr. Chairman, I would like to make it very clear that it is not the intention of the Government to prevent Mr. Shastri from moving the resolution.

The request was made by several Members to extend the time and if the Rules permit we have no objection.

SHRI SAMAR MUKHERJEE : Unless he intervenes it lapses. Let the other things go on. It has been done in the House. Earlier it has been done.

MR. CHAIRMAN: Under which rule?

SHRI SAMAR MUKHERJEE: No question of rules.

MR. CHAIRAMN : Mr. Sunder Singh, you should conclude now.

श्री सुन्दर सिंह : इनमें करैक्टर नहीं है। अगर करैक्टर हो तो यह रैज्यूलूशन को पास करें। ये कहते हैं कि कांग्रेस (आई) वाले महात्मा गांधी के उसूलों पर नहीं चलते हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या आप चलते हैं? आप भी नहीं चलते हैं। आपको कोई सुनता नहीं है। अगर आप इस रैज्यूलूशन का हमारे साथ मिलकर साथ दें आपके करैक्टर का पता लग जायेगा, अगर बरखिलाफ बोलेंगे तो यह आपके खिलाफ जायेगा। मैं चाहता हूं कि आप इस रैज्यूलूशन को यूनैनिमसली पास करें। जितना नुकसान महात्मा गांधी के मरने के बाद उनके उसूलों को तोड़ने के बाद हरिजनों का हुआ है, उतना और किसी का नहीं हुआ है। हमें दुःख है कि हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। अगर आज महात्मा गांधी होते तो हमारी यह हालत न होती।

इन शब्दों के साथ मैं इतना शुक्रिया अदा करता हूं जो इस रैज्यूलूशन को लाये हैं। मैं श्री तैयब हुसैन को ताइद करता हूं और उनका शुक्रिया अदा करता हूं।

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा (कोडरमा) : सभापति महोदय, महात्मा गांधी की छवि बिगाड़ने का जो संकल्प है, यह देखने में तो बहुत अच्छा लगता है, (व्यवधान)

इस संकल्प को लाने वाले जो हमारे माननीय सदस्य श्री तैयब हुसैन जी है, अगर उनकी मनसा वाचा कर्मणा की तरह भावना रही होती तो अच्छी बात थी, लेकिन पिछले 34 वर्षों का इतिहास अगर देखा जाये तो महात्मा गांधी की छवि को कितना सुन्दर रखा गया है?

आज सब लोग बोलते है महात्मा गांधी, महात्मा गांधी। महात्मा गांधी बोलते थे, रघुपति राघव राजा राम और उनकी भावना थी पतित पावन सीता राम। लेकिन आज गांव गांव में जो लोग बोलते है कि रघुपति राघव राजा राम, पांचो अंडा एक हो शाम। इस तरह की लोग बातें करते हैं।

गांधी जी के चरित्र, उनके साहित्य और उनके जितने भी आदर्श हैं, उन्हें हमें मानना चाहिये, चाहे हम किसी भी दल के हों। महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण इस 20वीं शताब्दी की अप्रतिम प्रतिभा और अप्रतिम महापुरुष हैं जिन्होंने कभी कोई गद्दी नहीं ली और किसी तरह का कोई मोह नहीं किया। उन्होंने कभी कामना नहीं की किसी दुराग्रह की या कुर्सी के लिये कभी इच्छा प्रकट नहीं की।

ऐसे महात्माओं के प्रति किसी को घृणा हो उनके प्रति अविश्वास हो तो इससे बड़ा अपराध और कोई नहीं हो सकता। कांग्रेस (आई) के माननीय सदस्य बहुत जोरों से कह रहे हैं कि महात्मा गांधी की छवि को बिगाड़ने से रोकने के लिए कानून बनाना चाहिए। मगर कानून से किसी की छवि नहीं बन सकती है। कानून के अनुसार मर्डर करना एक भंयकर अपराध है और उसके लिए सजा दी जाती है, लेकिन फिर भी मर्डर होते हैं। आत्म-शुद्धि और वास्तविक श्रद्धा की भावना रखने से महात्मा गांधी की छवि को बनाए रखा जा सकता है।

गांधी स्मृति और गांधी शांति प्रतिष्ठान ने जो कुछ किया है, वह किसी पार्टी या दल के लिए नहीं किया है। अगर उन्होंने श्री जयप्रकाश नारायण और सर्वोदय की मदद की है, तो आप जनता के जागरण के लिए और लोकतंत्र को अक्षुण्ण रखने के लिए की है, न कि किसी दल के लिए अगर ये संस्थाएं रात-दिन इन्दिरा जी और संजय गांधी की जय करें और उनकी प्रशंसा करें, तो आप कहेंगे कि ठीक है। लेकिन अगर वे पूरे देश की आम जनता को जगाने का प्रयास करती है, तो आप कहते हैं कि वे ख़राब है। तो इन संस्थाओं का राट्रीय्यकरण कर लीजिए।

गांधीजी के आदर्श, चरित्र और वाङ्मय और लोकनायक जयप्रकाश नारायण दोनों पैरालल हैं। उन दोनों ने राष्ट्र की जो सेवा की है, उसके लिए उनका नाम शताब्दियों तक अक्षुण्ण और अमर रहेगा और उनपर कोई छींटा-कशी नहीं कर सकता है। अगर इन संस्थाओं में ग़लत चरित्र के आदमी हैं, तो उनको आम जनता के सामने लाना चाहिए इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि कलंकित और दूषित चरित्र वाले लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन इसकी आड़ में अगर कोई राजनैतिक शिकार करना चाहे, तो उसको उचित नहीं कहा जा सकता है। अगर ये सोचते हैं कि सब संस्थाओं पर हमारा कब्जा है, मगर एक दो संस्थाओं पर नहीं है, इस लिए उनपर नियंत्रण करने का प्रयास किया जाए, तो यह राजनैतिक दुराग्रह से प्रेरित दृष्टिकोण है।

महात्मा गांधी और लोकनायक जयप्रकाश नारायण, इन दोनों का चरित्र अप्रतिम है—किसी से उनकी तुलना नहीं की जा सकती है और उनमें कोई भेद नहीं है। इस लिए मैं कहूंगा कि अगर महात्मा गांधी और लोकनायक की छवि को अच्छा बनाना है, तो राष्ट्र के हित के लिए जो काम हुआ है, उसको आगे बढ़ाना चाहिए। आज प्रगति मैदान में सन आफ़ इंडिया की प्रदर्शनी महीनों से लगी हुई है, लेकिन सरकार ने महात्मा गांधी के बारे में कोई प्रदर्शनी नहीं लगाई है। सरकार इन्दिरा जी के सम्बन्ध में एक महीने से प्रदर्शनी लगा रही है, लेकिन यह नहीं हुआ कि वह महात्मा गांधी के चरित्र और विचारधारा के बारे में कोई प्रदर्शनी लगाए। अगर कथनी और करनी में यह अन्तर रहेगा, हाथी के दांत दिखाने के और, और खाने के और, अगर इस तरह की मैनटेलिटी रही, तो हम महात्मा गांधी को आदर नहीं दे सकते हैं। इस लिए अंतः करण को शुद्ध करने और राष्ट्रीय चरित्र को ऊंचा उठाने का प्रयास किया जाए।

आचार्य भगवान देव (अजमेर) : सभापति महोदय, गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के द्वारा गत चुनाव में महात्मा गांधी

[आचार्य भगवान देव]

की छवि को बिगाड़ने का प्रयास किया गया। सर्वोदय के नाम पर भी काबे में कुफ्र किया गया। और कम्युनिस्ट भाइयों के द्वारा तो आजकल ऐसे चित्र भी निकाले जा रहे हैं; जिनमें गांधी जी के हाथ में साम्यवाद का झंडा भी दिया गया है, भगत सिंह के हाथ में साम्यवाद का झंडा दिया गया है।

चूंकि चर्चा का समय कम है, इस लिए मैं एक पायंट को आपके सामने पेश करना चाहता हूं। गांधी जी को हत्या करने वाले लोगों ने जब यह बात कह दी कि हम अब गांधीवाद में विश्वास रखते हैं, तो इससे हम समझ सकते हैं कि गांधीजी के साथ विश्वासघात करने वाले, धोखेबाज व्यक्ति गांधीजी को किस लाइन पर ले जाना चाहते हैं और उसके पीछे क्या षड्यंत्र है। जो लोग और एस० एस० में थे, वे रंग बदल कर जनसंघी बने, जनसंघ से वे भारतीय जनता पार्टी में गए और उसके बाद चौथा रंग बदला। जब भारतीय जनता पार्टी बना कर उन्होंने उन अधिवेशनों में गांधीवाद की बात करी, तो इससे यह पता लगा कि इस देश में बहुत बड़े गद्दार एक बहुत बड़ा षड्यंत्र कर रहे हैं गांधीजी के साथ।

जो लोग आज गांधीवाद की बात करते हैं, उन्होंने गांधीजी की हत्या कराने में सहयोग किया। भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने यहां दिल्ली में और बाहर जनता पार्टी के नाम से वोट लिए, और जनता को बिना पूछे नई पार्टी बना कर, अपने सिद्धान्त ताक पर रख कर, दुनिया के सामने कुछ और रखने का प्रयास किया। शराब वही थी, रंग बदल दिया बोतल का। अन्दर जहर था, उस जहर को अमृत का रूप देकर गांधीवाद का चोंगा पहन कर ..

18.00 hrs.

MR. CHAIRMAN : Now it is 6 O'clock You can continue next time.

18.01 hrs.

MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS—*contd.*

MR. CHAIRMAN: Now we resume the discussion on the No-confidence motion. Mr. Samar Mukherjee was on his legs. Yes, you may continue.

SHRI SAMAR MUKHERJEE (Howrah): I was discussing the reply of our Finance Minister who expressed hopes that the economy was slowly recovering. My point is that this is an illusion the Government is creating which is totally different from the reality. The reality is that our country is passing through an unprecedented crisis. And this crisis is not only limited to the economic sphere but it has spread to the social sphere and also into the sphere of politics and the very fabric of our democracy and the parliamentary system.

He expressed that there will be stability in prices and he has given figures today that inflation has shown signs of decline. I have got figures. This is the chart of the consumer price index. Here the trend is increasing. 1981 January—411—base is 1970—100. February 1981—418 and March—420. So, whichever calculation our Finance Minister is doing on the basis of the wholesale price index and is coming with a picture that we are now out of the danger, that is not the reality. The additional increase from March to April I do not have. But it is on the increase, and the process has not been checked. The figure for 1978-79 with 100 as base for 1960 is 331·41. For 1979-80 it is 359·75. That means an increase of 8·46%. 1980-81—400·83. It is an increase of 11·42%. So this is the trend in prices.

If you see the Sixth Five Year Plan—the main document has been very recently circulated—it has dealt with the question of mobilising resources. It states categorically that the possibility of mobilising resources by increasing direct taxation has reached the limit. So, no taxation on the bigger income groups. That means the process is more concessions to the monopolists and bigger houses and encouragement to the private capital. So many concessions have been announced. To